सं०सं०:–भवन–03/स्था०–विविध–01/2025...../

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

कार्यपालक अभियंता,
नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ/भवन प्रमंडल, मोतिहारी/
भवन प्रमंडल, गयाजी/भवन प्रमंडल, आरा।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल, गयाजी/विद्युत भवन प्रमंडल, मोतिहारी/
विद्युत भवन प्रमंडल, छपरा/विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3/
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–2/विद्युत भवन संरचना प्रमंडल/
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–1 एवं विद्युत भवन प्रमंडल, आरा,
भवन निर्माण विभाग।

पटना, दिनांक–

विषय :– नियुक्ति एवं पदस्थापन के पश्चात् भी अपने पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय में अबतक योगदान समर्पित नहीं करने वाले नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक/विद्युत/यांत्रिक) की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय आवश्यक सूचना पत्रांक–9932(भ) दिनांक–21.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर SLP(C) संख्या–7257/2023 शशि भूषण प्रसाद सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य मामले में दिनांक–04.10.2023 को पारित न्याय निर्णय के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–01/2019 के अन्तर्गत भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना में कनीय अभियंता (याँत्रिक/विद्युत/असैनिक) के रिक्त पदों के विरूद्ध आयोग के पत्रांक–17 दिनांक–01.01.2025 द्वारा कुल–15 (01 पद सुरक्षित एवं चयन लंबित रखते हुये) कनीय अभियंता (यांत्रिक), पत्रांक–18 दिनांक–01.01.2025 द्वारा कुल–105 (04 पद सुरक्षित एवं चयन लंबित रखते हुये) कनीय विद्युत अभियंता एवं पत्रांक–19 दिनांक–01.01.2025 द्वारा कुल–310 (02 पद सुरक्षित एवं चयन लंबित रखते हुये) कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की अनुशंसा प्राप्त हुई।

विभाग द्वारा आयोजित कॉउंसिलिंग–सह–प्रमाण पत्र सत्यापन कार्यक्रम में उपस्थित अभ्यर्थियों की नियुक्ति कनीय अभियंता (असैनिक/विद्युत/यांत्रिक) के पद पर करते हुये उन्हें विभाग अन्तर्गत विभिन्न अंचल/प्रमंडल तथा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना तथा नगर विकास एवं आवास विभाग में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त किया गया।

पदस्थापन आदेश में सभी नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को एक माह के भीतर निश्चित रूप से अपने विभाग/नवपदस्थापित कार्यालय में योगदान करने हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु कतिपय नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के द्वारा विभिन्न कारणों यथा–पूर्व के नियोक्त के

P.T.O

स्तर से स्वीकृत त्याग–पत्र/विरमन पत्र निर्गत करने में विलम्ब, बीमारी व अन्य बाध्यकारी का उल्लेख करते हुये योगदान देने हेतु अवधि विस्तार करने के संबंध में अभ्यावेदन समर्पित किया जिसके आलोक में विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–228–सहपठित ज्ञापांक–6962(भ) दिनांक–24.07.2025, कार्यालय आदेश संख्या–311–सहपठित ज्ञापांक–8754(भ) दिनांक–17.09.2025 एवं कार्यालय आदेश संख्या–363–सहपठित ज्ञापांक–10484(भ) दिनांक–25.11.2025 द्वारा योगदान करने हेतु समयावधि को अंतिम रूप से दिनांक–31.12.2025 तक विस्तारित किया गया।

योगदान समर्पित करने हेतु 03 (तीन) बार समयावधि को विस्तारित करने के बावजूद भी कतिपय कनीय अभियंताओं द्वारा अपने पदस्थापित कार्यालय में अबतक योगदान समर्पित नहीं किया गया है। वैसे सभी कनीय अभियंताओं की सूचना उपलब्ध कराने हेतु विभागीय पत्रांक–3844 दिनांक–27.04.2026, स्मार पत्रांक–4903(भ) दिनांक–03.06.2026, द्वितीय स्मार पत्रांक–6415(भ) अनु० दिनांक–14.07.2026, स्मार पत्रांक–7815(भ) दिनांक–19.08.2026 एवं स्मार पत्रांक–7814(भ) दिनांक–19.08.2026 द्वारा विभाग के सभी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता तथा सचिव, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना एवं सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया।

उक्त के आलोक में आपके द्वारा आपके अधीनस्थ पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कुल–05 (पाँच) कनीय अभियंता (असैनिक) एवं कुल–10 (दस) कनीय विद्युत अभियंता द्वारा अबतक अपने पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय में योगदान समर्पित नहीं करने संबंधी सूचना उपलब्ध करायी गयी।

प्राप्त सूचना के आधार पर विभागीय आवश्यक सूचना पत्रांक–9932(भ) दिनांक–21.10.2026 (**छायाप्रति संलग्न**) एवं विभागीय प्रेस विज्ञप्ति ज्ञापांक–9933(भ) दिनांक–21.10.2026 द्वारा उक्त 15 (पन्द्रह) नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक/विद्युत) को **दिनांक–31.10.2026 तक अपने पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय में अचूक रूप से योगदान समर्पित करते हुये इसकी सूचना मुख्यालय को निश्चित रूप से देने हेतु निदेशित किया गया,** परन्तु उक्त कनीय अभियंताओं द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर योगदान देने संबंधी कोई भी सूचना आदिनांक विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है।

अतएव विभागीय आवश्यक सूचना पत्रांक–9932(भ) दिनांक–21.10.2026 में अंकित एवं आपके अधीनस्थ पदस्थापित/प्रतिनियुक्त संबंधित कनीय अभियंताओं द्वारा दिनांक–31.10.2026 तक आपके कार्यालय में योगदान समर्पित किया गया था अथवा नहीं, के संबंध में सूचना **पत्र प्राप्ति के 07 (सात) दिनों के भीतर** अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

निर्धारित अवधि के भीतर सूचना उपलब्ध नहीं होने पर यह समझा जायेगा कि संबंधित नवनियुक्त कनीय अभियंताओं (असैनिक/विद्युत) द्वारा अबतक अपने पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय में योगदान समर्पित नहीं किया गया है तथा उक्त कनीय अभियंताओं की सेवा समाप्त करने के संबंध में नियमानुसार अग्रत्तर कार्रवाई किया जायेगा।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह०/–

(अवधेश नंदन सिन्हा)

सरकार के संयुक्त सचिव।

कृ०पृ०उ०.....

ज्ञापांक– भवन–03 / स्था०–विविध–01 / 2025 10695(म) / पटना, दिनांक– 17/11/26

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17.11.26

सरकार के संयुक्त सचिव।

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

(653)

का०आ०सं०– भवन–03/स्था०–विविध–01/2025 9932 (म)/पटना, दिनांक 21/10/26

–: आवश्यक सूचना :–

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर SLP(C) संख्या–7257/2023 शशि भूषण प्रसाद सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य मामले में दिनांक–04.10.2023 को पारित न्याय निर्णय के आलोक में बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–01/2019 के अन्तर्गत भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना में कनीय अभियंता (याँत्रिक/विद्युत/असैनिक) के रिक्त पदों के विरूद्ध आयोग के पत्रांक–17 दिनांक–01.01.2025 द्वारा कुल–15 (01 पद सुरक्षित एवं चयन लंबित रखते हुये) कनीय अभियंता (यांत्रिक), पत्रांक–18 दिनांक–01.01.2025 द्वारा कुल–105 (04 पद सुरक्षित एवं चयन लंबित रखते हुये) कनीय विद्युत अभियंता एवं पत्रांक–19 दिनांक–01.01.2025 द्वारा कुल–310 (02 पद सुरक्षित एवं चयन लंबित रखते हुये) कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की अनुशंसा प्राप्त हुई।

विभाग द्वारा आयोजित कॉउंसिलिंग–सह–प्रमाण पत्र सत्यापन कार्यक्रम में उपस्थित अभ्यर्थियों की नियुक्ति कनीय अभियंता (असैनिक/विद्युत/यांत्रिक) के पद पर करते हुये उन्हें विभाग अन्तर्गत विभिन्न अंचल/प्रमंडल तथा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना तथा नगर विकास एवं आवास विभाग में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त किया गया।

पदस्थापन आदेश में सभी नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को एक माह के भीतर निश्चित रूप से अपने विभाग/नवपदस्थापित कार्यालय में योगदान करने हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु कतिपय नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के द्वारा विभिन्न कारणों यथा–पूर्व के नियोक्त के स्तर से स्वीकृत त्याग–पत्र/विरमन पत्र निर्गत करने में विलम्ब, बीमारी व अन्य बाध्यकारी कारणों का उल्लेख करते हुये योगदान देने हेतु अवधि विस्तार करने के संबंध में अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसके आलोक में विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–228–सहपठित ज्ञापांक–6962(भ) दिनांक–24.07.2025, कार्यालय आदेश संख्या–311–सहपठित ज्ञापांक–8754(भ) दिनांक–17.09.2025 एवं कार्यालय आदेश संख्या–363–सहपठित ज्ञापांक–10484(भ) दिनांक–25.11.2025 द्वारा योगदान करने हेतु समयावधि को अंतिम रूप से दिनांक–31.12.2025 तक विस्तारित किया गया।

योगदान समर्पित करने हेतु 03 (तीन) बार समयावधि को विस्तारित करने के बावजूद भी कतिपय कनीय अभियंताओं द्वारा अपने पदस्थापित कार्यालय में अबतक योगदान समर्पित नहीं किया गया है। वैसे सभी कनीय अभियंताओं की सूचना उपलब्ध कराने हेतु विभागीय पत्रांक–3844 दिनांक–27.04.2026, स्मार पत्रांक–4903(भ) दिनांक–03.06.2026, द्वितीय स्मार पत्रांक–6415(भ) अनु० दिनांक–14.07.2026, स्मार पत्रांक–7815(भ) दिनांक–19.08.2026 एवं स्मार पत्रांक–7814(भ) दिनांक–19.08.2026 द्वारा विभाग के सभी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता तथा सचिव, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना एवं सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया।

उक्त के आलोक में संबंधित नियंत्री पदाधिकारी से प्राप्त सूचना के अनुसार निम्नांकित कनीय अभियंता (असैनिक/विद्युत/यांत्रिक) द्वारा अपने पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय में अबतक योगदान समर्पित नहीं किया गया है :–

कृ०प०उ०.....

कनीय अभियंता (असैनिक)

क्र. सं.	कनीय अभियंता का नाम	आयोग द्वारा अनुशंसित समेकित क्रम संख्या	वर्तमान पदस्थापन
1.	श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा	3	नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहार शरीफ अन्तर्गत भवन अवर प्रमंडल, बिहार शरीफ का प्रशाखा–03
2.	श्री राकेश कुमार	1321	नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ अन्तर्गत भवन अवर प्रमंडल, हिलसा का हिलसा प्रशाखा
3.	श्री बिपिन कुमार	1063	भवन प्रमंडल, मोतिहारी अन्तर्गत भवन अवर प्रमंडल संख्या–02 का प्रशाखा–02
4.	सुश्री / श्रीमती शैल राज काजल	2672	भवन प्रमंडल, गया जी अन्तर्गत भवन अवर प्रमंडल संख्या–01 का प्रशाखा–03
5.	सुश्री / श्रीमती माधुरी सिन्हा	8103	भवन प्रमंडल, आरा अन्तर्गत भवन अवर प्रमंडल, जगदीशपुर का प्रशाखा–01

कनीय विद्युत अभियंता

क्र. सं.	कनीय अभियंता का नाम	आयोग द्वारा अनुशंसित समेकित क्रम संख्या	वर्तमान पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति
1.	श्री समर कुमार	131	प्रतिनियुक्त– नगर विकास एवं आवास विभाग
2.	श्री रिजवान आलम अंसारी	27	प्रतिनियुक्त– नगर विकास एवं आवास विभाग
3.	श्री प्रकाश कुमार	223	विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–1, गया अतिरिक्त प्रभार विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–2, गया
4.	श्री सरोज कुमार	133	विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–1, शिवहर अतिरिक्त प्रभार विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–2, शिवहर
5.	श्री उमेश कुमार	125	विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–1, गोपालगंज अतिरिक्त प्रभार विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–2, गोपालगंज
6.	श्री प्रशांत कुमार	128	विद्युत भवन प्रशाखा–02, गर्दनीबाग, पटना
7.	श्री दयानन्द कुमार	136	विद्युत भवन प्रशाखा, दानापुर अतिरिक्त प्रभार विद्युत भवन प्रशाखा, फुलवारीशरीफ
8.	श्री भाष्कर दयाल	129	विद्युत भवन संरचना प्रशाखा संख्या–3
9.	सुश्री / श्रीमती पूजा कुमारी	56	विद्युत भवन प्रशाखा, राजेन्द्र नगर अतिरिक्त प्रभार विद्युत भवन प्रशाखा, बॉकीपुर
10.	श्री अभिषेक आनंद	111	प्राक्कलक, विद्युत भवन प्रमंडल, आरा अतिरिक्त प्रभार विद्युत भवन प्रशाखा संख्या–2, आरा

2. उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित 04 (चार) कनीय अभियंता (याँत्रिक / विद्युत) विभाग द्वारा आयोजित कॉउंसिलिंग / प्रमाण पत्र सत्यापन कार्यक्रम में उपस्थित हुये, जिसके आलोक में विभागीय आदेश संख्या–1155(भ) दिनांक–31.01.2025 तथा आदेश संख्या–1154(भ) दिनांक–31.01.2025 द्वारा क्रमशः उनकी नियुक्ति कनीय अभियंता (याँत्रिक) एवं कनीय विद्युत अभियंता के पद पर की गयी, परन्तु नियुक्ति के उपरांत उनके द्वारा अबतक भवन निर्माण विभाग (मुख्यालय) में योगदान समर्पित नहीं किया गया है :–

कृ०प०उ०.....

कनीय अभियंता (यांत्रिक)

Sl No.	Candidate's Name	Date of Birth	Samekit Serial No.	Registration No.	Category
1	BUSHRA NASIR	14.12.1998	159	BR00150010053326	60-EBC

कनीय विद्युत अभियंता

Sl No.	Candidate's Name	Date of Birth	Samekit Serial No.	Registration No.	Category
1	DIBHYA BHARTI	04.12.1999	149	BR00150010049759	40-UR FEMALE
2	LALKESH KUMAR RAVI	15.11.1995	189	BR00150010052458	40-SC
3	KEERTI KUMARI	11.08.1998	233	BR00150010023049	60-SC FEMALE

एतद् द्वारा उपर्युक्त अंकित सभी नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक/विद्युत/यांत्रिक) को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक–31.10.2026 तक अपने पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कार्यालय में अचूक रूप से योगदान करना सुनिश्चित करेंगे एवं इसकी सूचना मुख्यालय को निश्चित रूप से देंगे तथा कॉउंसिलिंग के उपरांत अनुपस्थित उपर्युक्त 04 (चार) कनीय अभियंता (यांत्रिक/विद्युत), भवन निर्माण विभाग (मुख्यालय) में योगदान समर्पित करेंगे।** निर्धारित तिथि तक योगदान समर्पित नहीं करने पर उनके अभ्यर्थिता को रद्द/सेवा समाप्त करने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

21/10/26

(शिव रंजन)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–भवन–03/स्था०विविध–01/2025.9932(24)./पटना, दिनांक–21/10/26

प्रतिलिपि–सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–भवन–03/स्था०विविध–01/2025.9932./पटना, दिनांक–21/10/26

प्रतिलिपि–आई०टी०मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि विभागीय वेबसाईट पर उक्त सूचना का प्रकाशन नोटिस एवं बुलेटिन के रूप में लगातार दिनांक–31.10.2026 तक आवश्यक रूप से प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे।

21/10/26

सरकार के संयुक्त सचिव।